# कार्यालय संभागीय मुख्य वन संरक्षक कोटा

पता–किशोरपुरा कोटा–09 (राज0), ईमेलः–ccffdp.kota@gmail.com दूरभाषः– 0744–2500194

क्रमांकःएफ13( )एफसीए/समुवसं/2023/ 3142 दिनांक : 14.6.2023

**निमित्त,**

उप वन संरक्षक
बारां

**विशयः** Construction of Road from Ganjan to Sunwas. (Online Proposal No. FP/RJ/ROAD/34416/2018)

**संदर्भः** आपका पत्रांक एफ ( )एफ.सी.ए./उ.व.सं./2022–23/6590 दिनांक 05.06.2023 के क्रम में

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र से प्राप्त प्रस्ताव का परीक्षण उपरान्त निम्नांकित बिन्दुओं पर सूचनाएं/स्पष्टीकरण दिया जाना अपेक्षित हैः–

1. भाग–I के बिन्दु J में प्रस्ताव को किसी अनुसूचित क्षेत्र में स्थिति होना नहीं बताया गया है, स्थिति स्पष्ट करें।
2. भाग–I के बिन्दु I में प्रस्तावित रोड़ किसी संरक्षित क्षेत्र में स्थित होना नही बताया गया है। पुनः चैक करें हाल ही में घोषित कंजर्वेशन रिजर्व का भाग है या नही, अगर है, तो तदानुसार संशोधन करावें।
3. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित सड़क निर्माण के दौरान निकलने वाले वेस्ट को केवल बाहर डालने की वचनबद्धता दी गयी है। जबकि उत्पादित मक वन उपज की श्रेणी में आता है। उत्पादित मक में कितना रोड़ निर्माण में लिया जावेगा राशि का आंकलन कर विभाग में जमा कराने की वचनबद्धता प्रस्तुत की जावे।
4. पार्ट–II के बिन्दु संख्या 2 के अनुसार प्रस्तावित वनभूमि रक्षित वनभूमि है। इसके गजट नोटिफिकेशन की प्रति अपेक्षित है।
5. पार्ट–II के बिन्दु संख्या 4 (i) में वन घनत्व 0.4 बताया है। जबकि 4 (ii) में वृक्षों की सूची में वृक्षों की संख्या शुन्य अंकित की गयी है, जो विरोधाभासी है, स्पष्ट कराया जाना उचित होगा।
6. बिन्दु संख्या 8 (iv) में उक्त क्षेत्र में फ्लोरा, फोना की रेयर, ऐण्डेंजर्ड स्पीशिज में निल दर्शाया गया है उक्त क्षेत्र की गत वर्ष की वन्यजीव गणना की रिपोट संलग्न कराया जाना उचित होगा।
7. स्थल निरीक्षण रिपोर्ट पूर्ण प्रतीत नही होती है। रिपोर्ट के बिन्दु ए व बी में जो लागू को उसे बोल्ड किया जाना अपेक्षित है और बिन्दु सी में वांछित अनुसा रिपोर्ट अपेक्षित है।
8. चैक लिस्ट 18 व 20 में प्रत्यावर्तित वनभूमि 3.425 हैक्टर की एवज में प्राप्त गैर वनभूमि 10 खसरा नम्बरों में होना बताया है जबकि ले–आउट प्लान में दो खसरा नम्बर में होना दर्शाया है। यही भूमि जी0टी0शीट पर 6 जगह बताई है। स्थिति स्पष्ट करें तथा रिकार्ड संशोधित करें।

भवदीय

(महेश चन्द गुप्ता)
संभागीय मुख्य वन संरक्षक
कोटा

Signature valid
Digitally signed by Mahesh Chand Gupta
Designation : Chief Conservator Of Forest
Date: 2023.06.14 :59:20 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4048403